• हादसा...

## पिकअप पलटी, 15 लोग घायल

❖ तीन श्रद्धालुओं की हालत नाजुक, पीजीआई किए रैफर

**ऊना :** हमीरपुर हाईवे पर श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप बेकाबू होकर पलट गई। जिसमें करीब 15 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को एंबुलेंस के जरिए तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सा अधिकारियों और पैरामेडिकल स्टाफ के कर्मचारियों ने तुरंत उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। बताया जा रहा है कि घायलों में तीन की हालत ज्यादा नाजुक है, जिन्हें पीजीआई रेफर किया जा रहा है। पिकअप में सवार श्रद्धालुओं से मिली जानकारी के मुताबिक, पंजाब के अमृतसर के रहने वाले श्रद्धालु पिकअप गाड़ी को डबल डेकर बनाकर बाबा बालक नाथ माथा टेकने के लिए गए थे, जहां से वापस घर लौटते वक्त उनके



साथ समुर खुर्द में यह हादसा पेश आ गया। तीखे मोड़ पर चालक रफ्तार पर काबू नहीं रख पाया, जिसके चलते पिकअप ट्राला बीच सड़क पलट गया और हादसे में सभी श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जगह पर चीखो पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके की तरफ दौड़े और उन्होंने श्रद्धालुओं को संभाला। तुरंत एंबुलेंस के माध्यम से सभी लोगों को अस्पताल शिफ्ट किया गया। घायल श्रद्धालुओं ने बताया कि वह बाबा बालक नाथ से माथा टेक कर वापस अमृतसर स्थित अपने घर लौट रहे थे और इसी दौरान यह हादसा पेश आया है जिसके चलते कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। दूसरी तरफ क्षेत्रीय अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चौहान ने बताया कि घायलों में तीन श्रद्धालुओं की हालत ज्यादा नाजुक है जिन्हें पीजीआई रेफर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालुओं को तुरंत प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल के वार्ड में शिफ्ट किया जा रहा है चिकित्सक घायल श्रद्धालुओं की हालत पर नजर बनाए हुए हैं।

• पहल...

## लोगों को गुमराह कर रही बीजेपी

**शिमला :** मुख्य संसदीय सचिव और प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने विपक्ष के नेताओं पर



निशाना साधते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में हो रहा विकास भाजपा नेताओं को रास नहीं आया, इसीलिए उन्होंने धन की ताकत का इस्तेमाल कर लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश की। कांग्रेस सरकार से एक साल के विकास का हिसाब मांगने वाले भाजपा के नेता यह भूल गए है कि उनके कार्यकाल में प्रदेश में अव्यवस्था का आलम था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार चरणबद्ध तरीके से प्रदेश के लोगों से किए गए सभी वायदों को पूरा कर रही है।

उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगने का ही काम किया। भाजपा सरकार के कार्यकाल में युवाओं को नौकरियां 'जॉब ऑन सेल' के आधार पर दी जा रहीं थीं। जबकि कांग्रेस सरकार ने इस व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए युवाओं को पारदर्शी तरीके से रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए।

उन्होंने कहा कि सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य किया। युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना को शुरू किया। योजना के पहले चरण में युवाओं को ई-टैक्सी चलाने के लिए 50 प्रतिशत उपदान पर परमिट उपलब्ध करवाने की पहल की गई। हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य बनाने में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निजी भूमि पर 100 से 500 किलोवाट तक सोलर पैनल लगाने के लिए भी 50 प्रतिशत उपदान की व्यवस्था की गई है। योजना को विस्तार प्रदान करते हुए सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट-अप योजना की शुरूआत की, जिसके अंतर्गत प्रत्येक पंचायत से 10 किसानों को जहरमुक्त खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अंतर्गत लगभग 36 हजार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच का ही यह परिणाम है कि पर्यटन, ऊर्जा, निर्माण और आवास जैसे क्षेत्रों के माध्यम से युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। प्रदेश में सीधी भर्ती के माध्यम से भी युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बीजेपी नेताओं ने हमेशा ही युवाओं और प्रदेश के लोगों के हितों की अनदेखी की है जबकि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के लोगों को भ्रष्टाचारमुक्त, संवेदनशील और जवाबदेह प्रशासन प्रदान करना सुनिश्चित किया। सरकार की योजनाओं से हो रहे सभी वर्गों के संतुलित विकास और वंचित वर्गों के उत्थान से बीजेपी के नेता बौखलाहट में हैं और इसलिए अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं।




**सीएम ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मंडी संसदीय सीट के लिए कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। सरकार के 15 महीने के कार्य को लेकर जनता के बीच में जाएंगे।**

**कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को उनके अधिकार देने का काम किया है। इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि का फॉर्म भरने को चुनाव आयोग ने मंजूरी दे दी है...**

## सम्मान निधि के लिए वेलफेयर ऑफिस में फॉर्म जमा कर सकती हैं महिलाएं

• संजू/शिमला

लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने और बीजेपी को कड़ी टक्कर देने के लिए कांग्रेस पार्टी ने रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला में आज मंडी संसदीय सीट को लेकर बैठक हुई। इस दौरान सीएम ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मंडी संसदीय सीट के लिए कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेकर रणनीति तैयार की जाएगी। सरकार के 15 महीने के कार्य को लेकर जनता के बीच में जाएंगे। कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को उनके अधिकार देने का काम किया है। इंदिरा गांधी प्यारी बहना सम्मान निधि का फॉर्म भरने को चुनाव आयोग ने मंजूरी दे दी है। महिलाएं तहसील वेलफेयर ऑफिस जाकर आवेदन कर सकती हैं जिसके बाद उन्हें इसका लाभ जून से मिलना शुरू हो जाएगा।

वहीं, इस दौरान मंडी सदस्य सीट से कांग्रेस प्रत्याशी एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य ने पूर्व सीएम जयराम ठाकुर और कंगना रनौत पर निशाना साधा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा की जयराम ठाकुर मजबूरी में ओपीएस को सपोर्ट कर रहे हैं जबकि अन्य राज्यों में ओपीएस को बंद करने का काम किया जा रहा है। जयराम ठाकुर इसको लेकर दोहरा रवैया अपना रहे हैं। कंगना रणौत पर विक्रमादित्य सिंह ने फिर जुबानी हमला किया है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कंगना सनातन धर्म और देवी-देवताओं का तिरस्कार कर रही हैं। जिस तरह के खान-पान से सनातन धर्म का रिश्ता नहीं है, उसको बढ़ावा दे रही हैं। बीजेपी सनातन धर्म पर प्रहार कर रही है। आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। भाजपा की प्रत्याशी सनातन पर प्रहार कर रही है। भाजपा ने इस मुद्दे पर अपने मुंह पर टेप लगा दी है। इस पर मोहन भागवत और प्रांत प्रमुख से अपील की जाएगी। कहा कि हिमाचल में सनातन को बचाना जरूरी है। सनातन धर्म की रक्षा करना मेरा दायित्व है।


बैठक में पहुंची प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। कार्यकर्ताओं को एकजुट करके जल्द ही बची दो लोकसभा सीटों और उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि कल शिमला संसदीय सीट को लेकर पार्टी मंथन और रणनीति तैयार करेगी।

### मजबूत प्रत्याशी उतारेंगे

**ऊना :** पूर्व विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सतपाल रायजादा ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के चयन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अभी चुनाव में समय है और कांग्रेस पार्टी विचार मंथन करने के बाद हर सीट पर सबसे मजबूत प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारने की रणनीति के तहत काम कर रही है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में 6 विधानसभा क्षेत्र में हो रहे उपचुनाव को लेकर भी भाजपा पर तंज कसा और कहा कि कांग्रेस से बगावत करने वाले सभी लोगों को टिकट देकर बीजेपी ने जो जल्दबाजी दिखाई है, कांग्रेस की ऐसी संस्कृति कभी नहीं रही। रायजादा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा सोच विचार करने के बाद ही प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारती है और इस वक्त भी कांग्रेस हाई कमान प्रत्याशी को लेकर गहन विचार मंथन कर रहा है ताकि मजबूत और जिताऊ कैंडिडेट को चुनाव में उतार कर पार्टी को मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के ही बागियों को प्रत्याशी बनाकर जो जल्दबाजी की है, उसका खामियाजा उन्हें चुनाव में भुगतना होगा। कांग्रेस नेता सतपाल रायजादा ने डिप्टी सीएम की बेटी आस्था अग्निहोत्री के नाम पर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी के रूप में विचार किए जाने का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आस्था हमारी बेटी है, यदि हाईकमान उन्हें मजबूत प्रत्याशी के रूप में देखता है तो उनका भरपूर समर्थन किया जाएगा और उनकी जीत के लिए डटकर काम होगा।

• क्राइम...

## महिला की हत्या




**पालमपुर :** जिला कांगड़ा के भवारना में हत्या का मामला सामने आया है। देर रात 50 वर्षीय महिला का घर से डेढ़ किलोमीटर दूर संदिग्ध हालत में शव बरामद हुआ है। परिजनों के अनुसार, महिला की गला रेतकर हत्या की गई है, जिसके पुलिस को घटनास्थल से सबूत भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने भी अपने बयान में महिला के गले में काटने के निशान का जिक्र किया है। भवारना के अंतर्गत ग्राम पंचायत गदियाड़ा के वार्ड 2 के टीका नलोट की कुसुम नाम की 50 वर्षीय महिला गुरुवार को पालमपुर के लिए घर से निकली थी। लेकिन रात होने पर भी जब वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और पुलिस को सूचित किया। देर रात करीब 10 बजे घर से लगभग 3 किलोमीटर पहले सड़क की पुलिया के नीचे महिला का शव बरामद हुआ। परिजनों के अनुसार, महिला की हत्या हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, मृतका के पति कल्याण चंद ने पुलिस से मामले की जांच और दोषियों को पकड़ने की गुहार लगाई है।

• आसमानी बिजली गिरी...

**नगरोटा बगवां : जिला कांगड़ा के नगरोटा बगवां की ग्राम पंचायत कलेड में आसमानी बिजली गिरने से तीन गौशालाएं जल कर राख हो गईं। ग्राम पंचायत कलेड की प्रधान बबीता देवी ने बताया कि देर रात करीब 1:30 बजे उन्हें हादसे की की सूचना मिली तथा उन्होंने फायर ब्रिगेड तथा अन्य ग्रामीणों को सूचित किया। उन्होंने बताया कि आग लगने के समय गौशालाओं में मवेशी मौजूद थे, लेकिन गांववासियों के सहयोग से उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया। इस बारे में हलका पटवारी को भी सूचित कर दिया गया है।**